# अंचल अधिकारी का कार्यालय, तांतनगर।

## आदेश फलक

विविध वाद संख्या– 39 /2023-24

नाम – युदिना कान्डेयोंग,
पिता/पति– स्व० निदोष कान्डेयोंग,
ग्राम– काठभारी।

| दिनांक | आदेश | अभ्युक्ति |
|---|---|---|
| 16/6/23 | आवेदिका युदिना कान्डेयोंग, पिता– निदोष कान्डेयोंग, ग्राम– काठभारी, पो०– काठभारी, थाना– मंझारी के द्वारा जाति प्रमाण–पत्र निर्गत हेतु आवेदन प्राप्त है।<br>मुण्डा/राजस्व उप निरीक्षक/अंचल निरीक्षक से जाँच प्रतिवेदन प्राप्त करें।<br>अभिलेख दिनांक 23/6/23 को उपस्थापित करें।<br>16/06/23<br>अंचल अधिकारी<br>तांतनगर। | |
| 23/6/23 | अभिलेख उपस्थापित।<br>ग्रामीण मुण्डा, राजस्व उपनिरीक्षक/अंचल निरीक्षक का जाँच प्रतिवेदन प्राप्त है, उनके जाँच प्रतिवेदन के अनुसार आवेदक द्वारा प्रस्तुत मौजा– काठभारी, थाना नं०– 163 का खतियान खाता सं०– 73 का जाँच किया, जिसमें जाति क्रिस्तान दर्ज है। परन्तु कार्मिक प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड सरकार के द्वारा निर्गत झारखण्ड राज्य में निवास करने वाली की सूची में क्रिस्तान जाति कहीं भी दर्ज नहीं है। इससे स्पष्ट होता है कि खतियान में जाति दर्ज करते समय सम्भवतः त्रुटि हुई है। जाँच के क्रम में आवेदक द्वारा बताया गया कि वे अनुसूचित जनजाति अन्तर्गत "हो" उपजाति के सदस्य है। ग्रामीण मुण्डा एवं अन्य ग्रामीणों के द्वारा भी यह जानकारी दी गई है कि आवेदक "हो" उपजाति के सदस्य है। कार्मिक प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड सरकार के पत्रांक– 14/जा०नि० 03/15/2015/का० 1754 दिनांक– 25/02/2019 के कंण्डिका 13 में दिये गये दिशा निर्देश का अनुपालन कर जाति का सत्यापन **करते हुए** जाति प्रमाण पत्र निर्गत किया जा सकता है।<br>अतः कार्मिक प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड सरकार के पत्रांक– 14/जा०नि० 03/15/2015/का० 1754 दिनांक– 25/02/2019 के कंण्डिका 13 में दिये गये दिशा निर्देश के आलोक में ग्रामीण मुण्डा को आवेदक जाति सत्यापन हेतु ग्राम सभा करने के लिए सूचित करें एवं इसकी प्रतिलिपी संबंधित मुखिया दें, राजस्व उपनिरीक्ष, **अंचल** निरीक्षक से प्रपत्र 14 में जाँच प्रतिवेदन की मांग करें एवं सर्वसाधारण सूचना **निर्गत** करते हुए दिनांक 7/7/23 तक अपत्ति की मांग करें।<br>अभिलेख दिनांक 8/7/23 को उपस्थापित करें।करें।<br>23/06/23<br>अंचल अधिकारी<br>तांतनगर। | |

| | |
|---|---|
| 08/07/23 | अभिलेख उपस्थापित। सर्वसाधारण सूचना का तामिला तथा रा० उ० निरी० -सह- अं० निरी० का जाँच प्रतिवेदन एवं आवेदक द्वारा प्रपत्र -XIV समर्पित नहीं किया गया है। सभी प्रतिवेदन प्राप्त होने के पश्चात अभिलेख उपस्थापित करें। |

अंचल अधिकारी
तांतनगर

Digitally signed by ANOJ KUMAR
Date: 2025.06.10 14:31:27 +05:30
Location: 192.168.158.171